पंजाब केसरी 22/08/2025

# जिला योग प्रतियोगिता में प्रथम रही जी.एम.एन. कॉलेज की छात्रा कृतिका वर्मा



जिला योग प्रतियोगिता में प्रथम रही जी.एम.एन. कॉलेज की छात्रा कृतिका वर्मा को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 21 अगस्त (बलराम): देव गुरुकुल में आयोजित जिला योग प्रतियोगिता में जी.एम.एन. कॉलेज की छात्रा कृतिका वर्मा ने 18-28 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृतिका की इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रशासन एवं संकाय सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि कृतिका की इस सफलता से न केवल कॉलेज का नाम रोशन हुआ है, बल्कि वह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कृतिका भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज और समाज का गौरव बढ़ाती रहेंगी।